# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, भभुआ

Email ID- bhabua.rwd@gmail.com Mob.- 8986915314

पत्रांक 733 भभुआ/दिनांक 31-05-21

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, भभुआ।

सेवा में,

श्री भिम सिंह,
ग्राम–राजपरसा, पोस्ट–बलिया,
थाना–अम्बा, जिला–औरंगाबाद।

विषय :- शीर्ष MR-3054 योजनान्तर्गत पूर्ण किये गये पथ **कुड़डी मोड़ PWD पथ से राजाबजार भाया भटानी** में एकरारनामा के प्रावधानों के अनुसार पथों के पाँचवर्षीय अनुरक्षण कार्य करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपके द्वारा विषयांकित पथ का कार्य सम्पन्न कराया गया है। एकारानामा के अनुसार मूल कार्य पूर्ण होने के पश्चार्त नियिमित पाँचवर्षीय अनुरक्षण एवं रख–रखाव का कार्य करना अपेक्षित है।

स्थल निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया है कि पाँचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं कराए जाने के कारण पथ अनेक पथांशों में क्षतिग्रस्त है। यह अत्यन्त ही खेदजनक है। आपको निदेशित किया जाता है कि विषयांकित पथ का 03 (तीन) दिनों के अन्दर) यानि दिनांक 03.06.2021 तक अनुरक्षण कार्य कराना सुनिश्ति किया जाये। इस कार्य को युद्ध स्तर पर करना अतिआवश्यक है। आपके द्वारा अनुरक्षण नहीं किये जाने की स्थिति में एकरारनामा की कंडिका 41.6 के आलोक में कार्रवाई की जायेगी एवं आपके निबंधन को काली सूची में दर्ज करने की उच्चाधिकारियों से अनुशंसा कर दी जायेगी एवं कार्य को विभागीय रूप से कराया जायेगा, जिसकी वसूली प्रमंडल में चल रहे अन्य कार्यों की विपत्र से वसूली की जायेगी। यदि उससे राशि समायोजित नहीं होती है तो शेष राशि के वसूली हेतु आप पर Certificate Case भी दर्ज किया जायेगा।

कृपया कठोरता से इसका अनुपालन किया जाये।

विश्वासभाजन

31/05/21

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल भभुआ।

Maint.57

Scanned with CamScanner